

# सांध्य दैनिक 4PM



जब तक गलती करने की स्वतंत्रता न हो तब तक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है।

-महात्मा गांधी

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 8 ● अंकः 116 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, बुधवार, 1 जून, 2022



सीएम धामी की किस्मत ईवीएम में... 2 | मिशन 2024: भाजपा ने तैयार... 3 | झांसी: साड़ी के शोरूम में भीषण... 7


## सीएम योगी ने रखी गर्भगृह की पहली शिला, बोले

# राम मंदिर होगा देश का राष्ट्र मंदिर

» तेजी से होगा राम मंदिर का निर्माण, अयोध्या में पांच सौ साल की तड़पन होगी दूर

» विधिवत अनुष्ठान के बाद गर्भगृह में स्थापित की गई शिला, जय श्रीराम का हुआ उद्घोष

» मंदिर निर्माण में लगे इंजीनियरों को भी सीएम ने किया सम्मानित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

अयोध्या। भगवान राम की नगरी अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर के गर्भगृह का निर्माण आज से शुरू हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह पूजन-अर्चन के बाद गर्भगृह की पहली शिला स्थापित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोग इस दिन का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। राम मंदिर भारत की एकता का प्रतीक होगा। राम मंदिर भारत का राष्ट्र मंदिर होगा।





### पीएम ने किया था भूमिपूजन

पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया था। मंदिर की नींव का काम पूरा हो चुका है और अब गर्भगृह का निर्माण शुरू हो गया है।

### संतों ने जताई खुशी

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संतों-महंतों ने कहा कि यह दिन देखने के लिए कितनी पीढ़ियां कुर्बान हो गई हैं। आज हम लोगों का सौभाग्य है कि इस पल को अपनी आंखों से देख पा रहे हैं। हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी रमेश दास ने कहा कि जिस तरह भगवान राम अयोध्या छोड़कर 14 वर्ष के लिए वनवास चले गए थे और अयोध्यावासी उदास थे और उनके लौटने के बाद जिस तरह की खुशी अयोध्यावासियों में दिखी थी, कुछ वैसी ही खुशी आज लोगों में दिख रही है।

राम जन्मभूमि परिसर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले रामलला का दर्शन-पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद वे निर्माणाधीन गर्भगृह स्थल पर वैदिक आचार्यों द्वारा किए गये अनुष्ठान में शामिल हुए। सीएम योगी ने रामलला के भव्य गर्भगृह के निर्माण में लगने वाली पहली शिला को विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद स्थापित किया। इस दौरान वहां जय श्रीराम का उद्घोष हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम जन्मभूमि के निर्माण कार्य में एक कड़ी और जुड़ गई है। गर्भगृह के शिलापूजन का कार्यक्रम संतों की मौजूदगी में हुआ। यह 500 साल की संघर्षपूर्ण साधना थी, जिसकी सिद्धि साकार होती दिख रही है। जिन आक्रांताओं ने भारत की भावनाओं पर आक्रमण किया, उस पर आज सत्य की विजय हुई है। राम जन्मभूमि के लिए जिन्होंने अपने प्राण दिए मैं उनको नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके निर्माण का शुभारंभ किया था। हमें गर्भगृह के शिला पूजन का सौभाग्य मिला है। जल्द ही भव्य राम मंदिर बनकर तैयार होगा। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियां इस काम में लगी थीं। अयोध्या में 500 साल की तड़पन जल्द दूर होगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या धाम में बनकर देश और दुनिया के सभी सनातन हिन्दू धर्मावलंबियों की आस्था का प्रतीक तो बनेगा ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर भारत का राष्ट्र मंदिर होगा। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण कार्य में लगे इंजीनियरों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर महंत नृत्य गोपाल दास, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि आदि मौजूद रहे। गौरतलब कि राम मंदिर के गर्भगृह का आकार 20 फीट चौड़ा और 20 फीट लंबा होगा। मंदिर के 2023 तक बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है।

# आजम से अस्पताल में मिलने पहुंचे अखिलेश चढ़ा सियासी पारा

## दोनों नेताओं में हुई लंबी वार्ता, कपिल सिब्बल को बताया जा रहा सूत्रधार

» दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। राज्य सभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में सियासी पारा फिर चढ़ गया है। 27 महीने बाद सीतापुर जेल से बाहर आए आजम खां से आज सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मुलाकात की। यह मुलाकात दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में हुई। इससे पहले आजम खां के जेल में रहते हुए अखिलेश ने उनसे मुलाकात नहीं की थी। ऐसे में अब इस सियासी मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं क्योंकि इसकी सबसे अहम कड़ी कपिल



सिब्बल को बताया जा रहा है।

पिछले चार दिनों से अस्पताल में भर्ती आजम खां से मिलने के लिए आज सपा प्रमुख अखिलेश यादव पहुंचे तो दोनों के बीच लंबी बातचीत हुई। सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेता जब आमने-सामने आए तो पुराने रिश्तों की गर्माहट से रिश्तों पर जमी बर्फ पिघली। हाल में सपा के समर्थन से राज्य सभा के लिए उम्मीदवार बनाए गए पूर्व कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल को इस मिलाप का सूत्रधार बताया जा रहा है। सिब्बल, अखिलेश और आजम दोनों के करीबी हैं और ऐसे में उन्होंने दोनों दिलों के बीच आई दूरी को पाटने में पुल का काम किया है। सिब्बल ने ही कानूनी लड़ाई के जरिए आजम खां को सीतापुर जेल से बाहर आने में कामयाबी दिलाई है। वहीं, अखिलेश यादव ने उन्हें राज्य सभा भेजने का ऐलान करके बड़ा दांव चला था।

# नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल को ईडी का नोटिस

» मनी लॉन्ड्रिंग केस में आठ जून को पूछताछ के लिए बुलाया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी को नोटिस भेजा है। ईडी ने दोनों को 8 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। एजेंसी की इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है।

2015 में एजेंसी ने इसकी जांच बंद कर दी लेकिन फिर से इस मामले में कांग्रेस के दोनों बड़े नेताओं को नोटिस भेजा गया है। ईडी की इस कार्रवाई पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि



सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस दिया गया है। 1942 में जब नेशनल हेराल्ड अखबार शुरू हुआ था, उस समय अंग्रेजों ने इसे दबाने की कोशिश की, आज भी यही किया जा रहा है और इसके लिए ईडी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुरजेवाला ने दावा किया कि न तो मनी लॉन्ड्रिंग और न मनी एक्सचेंज का कोई सुबूत है। गौरतलब है कि इससे पहले 12 अप्रैल को ईडी ने कांग्रेस नेता पवन बंसल से पूछताछ की थी।

# अब यूपी के विधायक खर्च कर सकेंगे पांच करोड़

» सीएम योगी ने 3 करोड़ से बढ़ाकर विधायक निधि 5 करोड़ की

» यूपी सरकार के इस ऐलान पर विपक्ष भी खुश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता सदन (मुख्यमंत्री) योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा सदस्यों की निधि सालाना 5 करोड़ रुपये करने की घोषणा की। मंगलवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री ने विधायकों को तोहफा देते हुए जब विधायक निधि सालाना पांच करोड़ रुपये करने की घोषणा की तो करतल ध्वनि से सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका स्वागत किया। विधायक इस निधि को अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास कार्यों में खर्च करते हैं। विधायक निधि बढ़ाने की मांग काफी समय से हो रही थी। निधि बढ़ने से विधायक अपने-अपने क्षेत्र में ज्यादा विकास कार्य करा सकेंगे। इससे पहले दो बार सीएम योगी ने ही विधायक निधि बढ़ाया था।

2020 में विधायक निधि को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ किया गया था। इससे पहले 2019 में विधायक निधि डेढ़ करोड़ से 2 करोड़ की गई थी। कोरोना काल में विधायक निधि स्थगित कर दी गई थी। विधायक निधि (स्थानीय क्षेत्र विकास निधि) में बढ़ोतरी का लाभ विधान परिषद सदस्यों को भी मिलेगा। विधायक निधि बढ़ाने की मांग बसपा के उमाशंकर सिंह ने रखी। इससे पहले बजट चर्चा के दौरान कांग्रेस की आराधना मिश्रा समेत कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने भी विधायक निधि पांच करोड़ बढ़ाये जाने की मांग उठाई थी। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार जताया और कहा कि सभी सदस्य इसमें बढ़ोतरी चाहते थे। मुख्यमंत्री ने उनके मन की बात मान ली। बताया जाता है कि हाल में हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष यह मांग उठी थी। इस पर सीएम ने जल्द निर्णय लेने का भरोसा जताया था।

## विधानसभा रक्षकों का पौष्टिक आहार भत्ता बढ़ा

प्रदेश विधानसभा के रक्षकों का पौष्टिक आहार भत्ता बढ़ा दिया गया है। अब उन्हें पुलिस कर्मियों की ही तरह 1875 रुपये का पौष्टिक आहार भत्ता मिलेगा। अभी तक विधानसभा रक्षकों का पौष्टिक आहार भत्ता 950 रुपए मिल रहा था। यह घोषणा संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में की। उन्होंने सत्र के दौरान विधानसभा के स्टाफ में चतुर्थ श्रेणी कार्मिक से लेकर प्रमुख सचिव तक के मानदेय में भी 1000 रुपये की बढ़ोत्तरी की घोषणा की। अभी तक उन्हें 12500 रुपए का यह मानदेय मिला करता था जो अब बढ़ाकर साढ़े तेरह हजार रुपए कर दिया गया है।

# सीएम धामी की किस्मत ईवीएम में कैद, 64 प्रतिशत मतदान

» खटीमा से पिछला चुनाव हारे थे मुख्यमंत्री धामी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



देहरादून। चंपावत उपचुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह दिखा। शाम तक आए आंकड़ों के मुताबिक 64 प्रतिशत मतदान हुए हैं। मुख्यमंत्री सहित चार प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ। महिला मतदाता पारंपरिक परिधानों में वोट डालने पहुंचीं। वहीं युवाओं और बुजुर्गों में भी भरपूर उत्साह दिखा। 76 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की गई। चार बूथों में ईवीएम, वीवीपैट आदि खराब होने से एक घंटे तक वोटिंग बाधित रही। मौसम ने भी कुछ देर मतदान की रफ्तार को रोका। वहीं सीएम धामी ने देहरादून से चंपावत उपचुनाव पर पूरी नजर रखी। दून जाने से पहले टनकपुर-बनबसा के 15 से अधिक बूथों पर सीएम धामी पहुंचे।

उनकी पत्नी गीता धामी भी लोगों से मिलीं। उधर, मतदान को लेकर जहां भाजपा में उत्साह था, वहीं 90 प्रतिशत बूथों पर कांग्रेस के बस्ते नहीं थे। प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगा शाम चार बजे कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला गहतोड़ी धरने पर बैठीं। चंपावत उपचुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत चार प्रत्याशी मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री धामी को खटीमा से हार का मुंह देखना पड़ा था, ऐसे में क्षेत्र के पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी ने यह सीट उनके लिए खाली कर दी थी। उत्तराखंड की पांचवीं विधानसभा के लिए 15 फरवरी को हुए मतदान के 106 दिन बाद 31 मई को चंपावत में दूसरी बार मतदान हुआ। चुनाव की तमाम अनिश्चितताओं के बावजूद उपचुनाव के नतीजे को लेकर खास संशय नहीं है, लेकिन भाजपा की सारी कोशिश इससे आगे की है। उसका लक्ष्य इस चुनाव में इतिहास रचने का है। वह इसमें कामयाब होगी या नहीं? इस जवाब से भविष्य की सियासत की दिशा तय होगी।

# एटा के सपा नेताओं की मुश्किलें बढ़ीं

» पूर्व विधायक और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की संपत्ति कुर्क करने के नोटिस जारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। एटा के सपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव और उनके भाई अलीगंज के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव पर कानूनी शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। दोनों भाइयों की संपत्ति कुर्क करने के लिए न्यायालय से नोटिस जारी कर दिए गए हैं। एक महीने में वह हाजिर नहीं होते हैं तो संपत्ति कुर्क कर ली

कोतवाली नगर के तत्कालीन थानाध्यक्ष डीएन मिश्रा ने 18 अप्रैल को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व अलीगंज के पूर्व विधायक पर गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में उनके खिलाफ अपर जिला जज एवं विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट से उनके वारंट जारी कर दिए गए। पुलिस ने सपा नेताओं के आवासों व प्रतिष्ठानों पर नोटिस चस्पा कर दिए। साथ ही लगातार दबिश भी दी गई। दोनों सपा नेता फरार हैं। अब न्यायालय ने दोनों सपा नेताओं के खिलाफ संपत्ति कुर्क करने की उद्घोषणा का नोटिस जारी किया है। अब पुलिस उनके प्रतिष्ठानों पर इसका नोटिस चस्पा कर मुनादी कराएगी। नियमानुसार उन्हें एक महीने के अंदर न्यायालय में उपस्थित होने का समय दिया जाएगा।




# योजनाओं की मदद से समाज को आगे बढ़ाना प्राथमिकता: मिथिलेश

» राज्य सभा सदस्य का टिकट मिलते ही भाजपा प्रत्याशी ने विपक्ष पर साधा निशाना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। राज्यसभा सदस्य का प्रत्याशी बनाकर भारतीय जनता पार्टी ने मिथलेश कुमार को बड़ी जिम्मेदारी दी है। इसका अहसास उन्हें भी है। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि बरेली जिले से लेकर प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है उसे कायम रखने का पूरा प्रयास करेंगे। मिथलेश ने बताया कि उन्होंने अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने पूरे प्रदेश का भ्रमण किया। कई जगह अब भी समाज के लोग काफी पीछे हैं।

केंद्र व प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति जनजाति व गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों के लिए को नंबर एक पर लाने के लिए योजनाएं चला रही है। मिथलेश ने कहा कि इन योजनाओं की मदद से वह भी समाज के लोगों के उत्थान के लिए काम करेंगे। राज्यसभा का टिकट मिलने पर मिथलेश ने कहा कि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का जो आशीर्वाद मिला, उसका शब्दों में वर्णन नहीं कर सकते। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर का विशेष सहयोग रहा। जिले के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की भी खास भूमिका रही। वह भी जिले की जनता को अपनी प्राथमिकता में रखेंगे। पंजाब, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश में अपने समाज के लोगों के बीच जाकर काम करेंगे। मिथलेश कुमार के गांव अगौना बुजुर्ग में भी उत्साह का माहौल है। उनके सुबह से ही उनके आवास अगौना बुजुर्ग में कार्यकर्ताओं को पहुंचना शुरू हो गया। विधायक चेतराम, मिथलेश कुमार की पत्नी शकुंतला देवी समेत परिवार के अन्य सदस्य सुबह ही लखनऊ रवाना हो गए थे। मिथलेश को राज्यसभा प्रत्याशी बनाने पर देवेंद्र अवस्थी, अवनीश सैनी, महेश शर्मा, नौशाद खां, संजीव मिश्रा, केपी पांडेय, रिजवान खां, सुखविंदर सिंह समेत तमाम समर्थकों ने मिठाई बांटी।

# जिनकी अपनी जमीन नहीं वो दूसरों की बात करते हैं: पल्लवी

» डिप्टी सीएम केशव मौर्य पर जमकर बरसीं अनुप्रिया पटेल की बहन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की सिराथू विधानसभा सीट पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को मात देने वाली पल्लवी पटेल ने सदन में उन पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिनकी अपनी जमीन नहीं, वो दूसरों की जमीन की बात करते हैं। पल्लवी पटेल ने योगी सरकार पर कई तरह के आरोप लगाए।

दरअसल, समाजवादी पार्टी की विधायक व अपना दल (कमेरावादी) की नेत्री पल्लवी पटेल सदन में अपनी बात रख रही थी। इस दौरान उन्होंने बजट को लेकर कहा कि यह केवल देखने में लुभावना है। यह देखने और सुनने में अत्यंत लुभावना है लेकिन धरातल और यथार्थ की कसौटी पर संदेहास्पद है। उन्होंने रोजगार, युवाओं और महिलाओं के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि इस पर बजट में ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने योगी सरकार पर आरोप लगाया कि इस बजट में धर्म के आधार पर भेदभाव किया गया है। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस सरकार ने इस्लाम और ईसाईयों के लिए कुछ भी नहीं रखा है। पटेल ने कहा कि सरकार को इस बात पर ध्यान देना होगा कि बुद्ध, महावीर, नानक और कबीर इसी धरती पर पैदा हुए हैं।

इंतजार किस बात का, आयें और हाथों हाथ छपवाकर ले जायें।
गोमती नगर में पहली विदेशी मल्टी कलर प्रिंटिंग मशीन

आस्था प्रिंटर्स
कार्यालय: 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

# मिशन 2024: भाजपा ने तैयार किया रोडमैप, घर-घर पहुंचेंगे कार्यकर्ता

## पीएम मोदी के आठ साल की उपलब्धियों को लेकर जनता से करेंगे संवाद

» चार से 13 जून तक चलेगा अभियान, पार्टी नेतृत्व ने दिए निर्देश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। विधान सभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ लगातार दूसरी बार सत्ता में पहुंची भाजपा अब मिशन 2024 की तैयारियों में जुट गयी है। इसका पूरा रोडमैप तैयार किया जा चुका है। इसके तहत भाजपा नेता और कार्यकर्ता पीएम मोदी के आठ साल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर चार जून से प्रदेश भर में यह अभियान शुरू किया जाएगा।**

केंद्र में मोदी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के साथ भाजपा ने मिशन मोड में लोक सभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके पहले चरण में आजादी के 75 वर्ष से जोड़ते 75 घंटे जनता के बीच रहकर सेवा आधारित गतिविधियों की योजना बनाई है। 75 घंटे की गतिविधियों के लिए पार्टी नेतृत्व की ओर से 10 दिन तय किए गए हैं। प्रतिदिन आठ घंटे कार्य करने का लक्ष्य दिया गया है। गतिविधियों का आयोजन जिला, विधान सभा क्षेत्र और वार्ड स्तर पर किया जाना है। इनके जरिए समाज के हर वर्ग तक पहुंचने की पार्टी की योजना है। यह कार्यक्रम चार जून से शुरू होकर 13 जून तक चलेगा। सेवा गतिविधियों की योजना समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई गई। अलग-अलग वर्ग के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित किए गए हैं। वर्गवार योजना के क्रियान्वयन के लिए मूल संगठन, मोर्चों और प्रकोष्ठों की जिम्मेदारी तय की गई है। इसकी शुरुआत चार जून को किसानों को साधने से हो रही है। किसान मोर्चा इसके तहत विधानसभावार तालाब सफाई और पौधारोपण अभियान चलाएगा। पांच जून को महिला मोर्चा की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आने वाली महिलाओं को सैनेटरी पैड का वितरण किया जाएगा। छह जून को विधान सभा क्षेत्र स्तर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के बाद स्वच्छता अभियान चलाएंगे।



### टीमें गठित

**10 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम के लिए स्थानीय स्तर पर चार सदस्यीय टीम बना दी गई है। गोरखपुर की टीम में महानगर उपाध्यक्ष बृजेश मणि मिश्र, महानगर महामंत्री इंद्रमणि उपाध्याय, पूर्व महानगर मंत्री और कार्यालय प्रभारी शिवम पांडेय शामिल हैं। इसी तरह अन्य जिलों में टीमों का गठन किया गया है।**

### लगातार होंगे कार्यक्रम

सात जून को जिले स्तर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चे द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। पिछड़ा मोर्चा के कार्यकर्ता आठ जून को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाएंगे। नौ जून को मूल संगठन के कार्यकर्ता राशन वितरण सुनिश्चित करने के लिए सस्ते गल्ले की दुकानों पर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। 10 जून को स्थानीय निकाय टीम वार्ड स्तर पर शहरी गरीबों के लिए स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर लगवाएगी। 11 जून को संगठन की ओर से जिले स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि अर्जित करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। 12 जून को चिकित्सा प्रकोष्ठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्यकर्मियों के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगा। 13 जून को संगठन के कार्यकर्ता योजनाओं के लाभार्थियों के घर-घर जाएंगे और उन्हें संपर्क कर पौधा भेंट करेंगे। सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं से अपील की है।

# अब यूपी के हर थाने में होगा साइबर हेल्प डेस्क

## पुलिसवालों को दी जाएगी फॉरेंसिक की ट्रेनिंग


## थानों में एडवाइजर की भी होगी नियुक्ति

» साइबर सिक्योरिटी को मजबूत करने की कवायद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। यूपी में महिला सुरक्षा की तरह अब साइबर सिक्योरिटी के लिए योगी सरकार चक्रव्यूह तैयार कर रही है। इसके लिए शासन ने सभी थानों में महिला की तरह साइबर हेल्प डेस्क बनाने का निर्देश दिया है। साइबर थानों में तैनात पुलिसवालों को फोरेंसिक की ट्रेनिंग दी जा रही है। मुख्यालय पर एक एडवाइजर की नियुक्ति होगी जो साइबर क्राइम के नए-नए तरीकों के बारे में पुलिस को सुझाव देगा। साइबर सिक्योरिटी को लेकर हाईकोर्ट ने डीजीपी से रिपोर्ट तलब की है।**

कोर्ट ने पूछा है कि ऐसे क्राइम से निपटने के लिए पुलिस के पास क्या इंतजाम हैं। कोर्ट की नाराजगी के बाद शासन ने साइबर सुरक्षा को पुख्ता करने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। एसपी साइबर क्राइम त्रिवेणी सिंह के मुताबिक साइबर ठगों से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को अपडेट किया जा रहा है। 18 मंडलों में स्थापित साइबर थानों में तैनात 400 पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दिलाई जा रही है। त्रिवेणी सिंह ने बताया कि इन सभी पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग केंद्रीय गृह मंत्रालय की देखरेख में हो रही है। उन्होंने बताया कि साइबर थानों में तैनात पुलिसकर्मियों को साइबर फोरेंसिक की भी ट्रेनिंग कराई जा रही है, जिससे महिलाओं व बच्चों से जुड़े साइबर अपराधों में पुलिस जल्द प्रभावी कार्रवाई कर सकेगी। इससे विवेचना व साक्ष्य जुटाने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी के अनुसार प्रदेश में साइबर ठगी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने हेल्प डेस्क बनाने का निर्णय लिया है। थानों में हेल्प डेस्क बनने से साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को मदद मिल सकेगी। इसके लिए प्रदेश के 1531 थानों का चयन किया गया है, जिसमें साइबर हेल्प डेस्क तैयार की जा रही है। इसके लिए 72 करोड़ का बजट भी दिया जा रहा है।




### 1531 थानों में बन रही है साइबर हेल्प डेस्क

**अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने बताया कि साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को मदद मिल सके। इसके लिए प्रदेश के 1531 थानों में साइबर हेल्प डेस्क तैयार की जा रही है। इसके लिए 72 करोड़ 50 लाख रुपये का बजट भी दिया जा रहा है। इस हेल्प डेस्क में प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।**

### साइबर हेल्प लाइन को किया जा रहा मजबूत

एसपी त्रिवेणी सिंह के मुताबिक साइबर ठगी की सूचना देने के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में आने वाली सूचनाओं को वरीयता दी जा रही है। इसके लिए 60 लोगों की टीम 24 घंटे ड्यूटी पर रहते हैं जो वरीयता पर शिकायतों को सुन कर तत्काल बैंकों से बात करके खातों से निकली रकम को होल्ड कराते हैं।

### साइबर सलाहकार की होगी नियुक्ति

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने अनुभवी साइबर एक्सपर्ट को साइबर क्राइम मुख्यालय का सलाहकार नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इसका मकसद समय-समय पर पुलिस कर्मियों को अपडेट ट्रेनिंग देने या फिर किसी विशेष परिस्थितियों में साइबर क्रिमनल्स से निपटने के लिए सलाहकार की मदद ली जा सके।

## जिद... सच की


Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# स्मार्ट सिटी का सपना

*प्रदेश में शहरों को स्मार्ट बनाना सपना बनता जा रहा है। गंदगी, अतिक्रमण, दूषित पेयजल, खस्ताहाल सड़कें, चौराहों पर घूमते अन्ना पशु अधिकांश शहरों की पहचान बन चुके हैं। सरकार के दावों के बावजूद हालात में बदलाव होता नहीं दिख रहा है। वहीं नगर निगम और नगर पालिकाएं बस कागजों पर विकास का मॉडल पेश कर अपनी पीठ थपथपा रही हैं। सवाल यह है कि हर साल करोड़ों का बजट खर्च करने के बाद भी शहरों की सूरत बदल क्यों नहीं रही है? साल-दर-साल समस्याएं विकराल क्यों होती जा रही हैं? बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने में संबंधित विभाग नाकाम क्यों हैं? सड़कों पर गंदगी का साम्राज्य क्यों फैला रहता है? अन्ना पशुओं की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है? सीवर लाइन चोक क्यों हैं? सड़कों पर अतिक्रमण स्थायी समस्या क्यों बन चुका है? आखिर संबंधित विभाग क्या कर रहे हैं? क्या ऐसे ही प्रदेश के शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने का सपना साकार हो सकेगा?*

*कई सरकारें आयीं और गईं लेकिन आज तक प्रदेश के तमाम शहरों की हालत में सुधार नहीं हुआ। यह स्थिति तब है जब शहरों को संवारने की जिम्मेदारी नगर निगम और नगर पालिकाओं के जिम्मे है और इसके लिए इनके पास पर्याप्त संख्या में संसाधन मौजूद हैं। कर्मचारियों की बड़ी संख्या है। हर साल मोटा बजट आवंटित किया जाता है। सच यह है कि भ्रष्टाचार और लापरवाही ने शहरों को बर्बाद कर दिया है। शहर केंद्रित अर्थव्यवस्था के कारण इन शहरों में गांवों के लोग रोजी-रोटी कमाने पहुंचते हैं। इसके कारण भी शहरों के संसाधनों पर बोझ बढ़ा है। बावजूद इसके संबंधित विभाग शहरों की व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर बेहद लापरवाह हैं। मसलन राजधानी लखनऊ की अधिकांश सड़कें और गलियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। अधिकांश इलाकों में सफाईकर्मी नहीं पहुंचते हैं। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। पुराने लखनऊ की हालत और भी खराब है। यहां खाली पड़े प्लाट कचरे के डंपिंग ग्राउंड बन चुके हैं। सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है। नाले चोक पड़े हैं और अतिक्रमण के कारण चौड़ी सड़कें गलियों में तब्दील हो चुकी हैं। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति मुश्किल हो चुकी है। जब लखनऊ में यह हाल है तो अन्य शहरों का अंदाजा लगाया जा सकता है। हैरानी की बात यह है कि सरकार के तमाम आदेशों के बावजूद विभाग अपने कर्तव्यों में लगातार लापरवाही बरत रहा है। जाहिर है यदि सरकार प्रदेश के शहरों को संवारना और इन्हें स्मार्ट बनाना चाहती है तो उसे न केवल संबंधित विभागों की जवाबदेही तय करनी होगी बल्कि यहां फैले भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाना होगा।*

**"प्रदेश में शहरों को स्मार्ट बनाना सपना बनता जा रहा है। गंदगी, अतिक्रमण, दूषित पेयजल, खस्ताहाल सड़कें, चौराहों पर घूमते अन्ना पशु अधिकांश शहरों की पहचान बन चुके हैं। सरकार के दावों के बावजूद हालात में बदलाव होता नहीं दिख रहा है। वहीं नगर निगम और नगर पालिकाएं बस कागजों पर विकास का मॉडल पेश कर अपनी पीठ थपथपा रही हैं।**

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# जल संकट के लिए मनुष्य जिम्मेदार

**सौरभ मालवीय**

मनुष्य का शरीर पंचभूत से निर्मित है। पंचभूत में पांच तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल एवं पृथ्वी सम्मिलित हैं। सभी प्राणियों के लिए जल अति आवश्यक है। प्रत्येक प्राणी को जीवित रहने के लिए जल चाहिए। नि:संदेह जल ही जीवन है। जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। जल के पश्चात मनुष्य को जीवित रहने के लिए भोजन चाहिए। भोजन के लिए अन्न, फल एवं सब्जियां उगाने के लिए भी जल की ही आवश्यकता होती है। कृषकों को अपनी फसल की सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है। पर्याप्त वर्षा न होने पर उनकी फसल सूख जाती है। अधिकांश क्षेत्र ऐसे हैं, जहां वर्षा नाममात्र की होती है। जलवायु परिवर्तन एवं जल के अत्यधिक दोहन के कारण भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसके कारण सिंचाई का संकट उत्पन्न हो गया है।

वास्तव में इस जल संकट के लिए मनुष्य स्वयं उत्तरदायी है। प्राचीन काल में लोग प्राकृतिक वस्तुओं का उतना ही उपयोग करते थे, जितनी उनकी आवश्यकता होती है। हमारी प्राचीन गौरवमयी संस्कृति में जल को जीवन माना गया है-जलमेव जीवनम्। ऋग्वेद में भी जल के गुणों का वर्णन करते हुए कहा गया है अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम्। अर्थात जल में अमृत है, जल में औषधि है। महाभारत में कहा गया है कि संसार के समस्त प्राणियों की उत्पत्ति जल से हुई है तथा इसी से वे जीवित रहते हैं। अत: सभी प्रकार के दानों में जल-दान सर्वोत्तम माना गया है। महाभारत में आगे कहा गया है जल से ही संसार के समस्त प्राणियों को जीवन प्राप्त होता है। जल का दान करने से प्राणियों को तृप्ति प्राप्त होती है। जल में दिव्य गुण हैं, जो परलोक में भी लाभ प्रदान करते हैं। विष्णु पुराण में जल-चक्र का वर्णन किया गया है कि किस प्रकार वह वाष्प बनता है तथा वर्षा के रूप में भूमि को तृप्त करता है। इसी जल से कृषि होती है अर्थात अन्न उत्पन्न होता है। वर्षा का जल अत्यंत उपयोगी है। अर्थवेद में भी इस विषय में कहा गया है-शिवा न: सन्तु वार्षिकी: अर्थात वर्षा का जल कल्याणकारी है।

प्राचीन ग्रन्थों में जल संरक्षण पर बल दिया गया है। ऋग्वेद के अनुसार- अप्स्वडन्तरमृतमप्सु भेषजमपामुत प्रशस्तये देवा भक्त वाजिन:। अर्थात अमृत के समान एवं गुणकारी जल का उचित उपयोग करने वाले बनो। जल की प्रशंसा के लिए सदैव तत्पर रहो। जल संरक्षण के लिए तालाब बनाए जाते थे एवं कुएं खोदे जाते थे। वर्षा का जल तालाबों आदि में एकत्रित हो जाता था।



इन तालाबों से मनुष्य ही नहीं, जीव-जंतु भी लाभान्वित होते थे। किन्तु कालांतर में प्राकृतिक एवं मनुष्य निर्मित जल स्रोत समाप्त होते जा रहे हैं। ऋग्वेद में जल संरक्षण के विषय में यह भी कहा गया है-आपो अस्मान्मातर: शुन्ध्यन्तु घृतेन ना घृत्प्व: पुनन्तु। अर्थात जल हमारी माता के समान है। जल घृत के समान हमें शक्तिशाली एवं उत्तम बनाता है। इस प्रकार का जल जहां कहीं भी हो, उसका संरक्षण करना चाहिए। जल संकट के लिए प्रदूषण भी उत्तरदायी है, क्योंकि प्रदूषण के कारण जल अनुपयोगी हो जाता है। वह पीने योग्य नहीं रहता। अत: हमें जल को प्रदूषित होने से बचाना चाहिए। यजुर्वेद में भी जल संरक्षण पर बल दिया गया है, मा आपो हिंसी। अर्थात जल को नष्ट मत करो। देश में नदियों की का अभाव नहीं है, परन्तु प्रदूषण के कारण उनका जल पीने योग्य नहीं है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कारखानों से निकलने वाले घातक रसायनों एवं सीवर की गंदगी के कारण नदियों का पानी विषैला हो गया है। भारतीय संस्कृति में गंगा को पवित्र नदी माना जाता है। इसे मोक्षदायिनी भी कहा जाता है। किन्तु दुख की बात यह है कि सबके पाप धोने वाली यह पवित्र नदी दिन-प्रतिदिन प्रदूषित होती जा रही है। नदियों में शव बहाने से भी यह प्रदूषित हो रही है। इस नदी को साफ करने के लिए सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर प्रयास होते रहते हैं। समय-समय पर कई कार्यक्रम और योजनाएं चलाई गईं ऐसे कार्यक्रमों में समाज जीवन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को लोकमंगल के कार्य में सहयोगी होने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति में जल को देवता माना गया है। विभिन्न मांगलिक अवसरों पर जल की पूजा की जाती है अर्थात कुआं पूजन किया जाता है। महिलाएं गीत गाती हुई कुआं पूजने जाती हैं। महानगरों में अब कुएं नहीं हैं। अत: महानगरों से यह परम्परा भी समाप्त हो रही है। गांवों में अभी कुआं पूजन की परंपरा जीवित है। भारतीय संस्कृति में नदियों को देवी स्वरूप माना गया है। नदियों के तट पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

नदी, तालाब एवं कुएं आदि अथाह जल के स्रोत हैं। ये अमूल्य हैं। हमें इनका संरक्षण करना चाहिए। यदि वर्षा के जल को तालाबों आदि में एकत्रित किया जाए, तो जल संकट से उबरा जा सकता है। इसके साथ ही हमें जल को व्यर्थ न बहाकर इसका सदुपयोग करना चाहिए।

# नौवहनीय सुरक्षा चुनौती पर क्वाड की नजर

**सी. उदय भास्कर**



हाल ही में टोकियो में संपन्न हुए क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त घोषणापत्र में कुछ सुरक्षा संबंधी अहम मुद्दे भी शामिल थे, हालांकि अमेरिका के नेतृत्व वाले चार राष्ट्रीय समूह की नीति के अनुरूप 'सुरक्षा का सीधा जिक्र' न करते हुए, इससे संबंधित उल्लेख 3000 से अधिक शब्दों वाले दस्तावेज के अंत में रखा गया। साइबर सुरक्षा पर अलग से विशेष पैरा रखा गया लेकिन इसका असल सार नौवहनीय कार्यक्षेत्र के संदर्भ में है और इसका मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सागरीय नौवहन के मिश्रित ताने-बाने के सुरक्षा अवयवों से परे है। टोक्यो संयुक्त घोषणापत्र का आखिरी पैराग्राफ कहता है 'हम नई नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता पहल का स्वागत करते हैं, नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता के लिए बनी हिंद-प्रशांत सहभागिता (आईपीएमडीए) का उद्देश्य मानवीय और प्राकृतिक आपदाओं से मिलकर निपटने के लिए क्षेत्रीय भागीदारी बनाना और अवैध मछली शिकार रोकना है। आईपीएमडीए व्यवस्था हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र, दक्षिण-पूरब एशिया के मुल्कों और प्रशांत महासागर के द्वीपों से सलाह-मशविरा करके काम करेगा एवं सहायता देगी, यह हमारे सागरों और महासागरों में स्थायित्व एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय सूचना केंद्रों को तकनीक और प्रशिक्षण मुहैया करवाकर संवर्द्धित, संयुक्त नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता बनाएगी।

मानवीय सहायता और प्राकृतिक आपदाओं में त्वरित राहत देना क्वॉड का केंद्रीय विचार है। याद करें तो इन चार मुल्कों के बीच अनाधिकारिक सहभागिता तभी बन गई थी जब वर्ष 2004 में आई सुनामी ने बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागरीय क्षेत्र के अलावा भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूरब एशिया में तबाही मचाई थी। राहत कार्य शुरू करने वाला भारत पहला देश था, जिसने अपने नौसैन्य जहाजों के जरिए सबसे अधिक प्रभावित इलाकों तक मदद पहुंचाई थी और जल्द ही अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया भी आ जुड़े। मार्च, 2022 में हुई पिछली शिखर वार्ता के विमर्श को आगे बढ़ाते हुए टोक्यो घोषणापत्र में हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में क्वाड द्वारा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत सहयोग (एचएडीआर) बनाने की बात कही गई है। यह भागीदारी मुख्यत: चारों सदस्य देशों और उनके तटीय रक्षक दलों की गतिविधियां, जहां कहीं भी लागू होगी, आपसी समन्वय बनवाएगी, यह उद्देश्य मानवीय है।तथापि आईपीएमडीए व्यवस्था के अंग के तौर पर नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता (एमडीए) पर ध्यान केंद्रित रखना वह भाव है जो क्वाड के नौसैन्य अवयव को चतुर किंतु प्रभावी रूप से अंतर्निहित दिशात्मकता देने की काफी संभावना रखता है। इस बारे में पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश का कहना है 'नौवहनीय कार्यक्षेत्र जागरूकता तमाम नौवहनीय अभियानों का केंद्रीय मूल है और टोही स्रोतों का सम्मिलन करना विशाल हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में और अधिक एवं सूक्ष्म स्तर पर चौकसी बनाने में मददगार होगा।' अवैध, गैर-सूचित और अनियंत्रित मछली शिकार एक अंतरराष्ट्रीय समुद्रीय सुरक्षा चुनौती है। यह वैश्विक साझा मत्स्य खजाना, जिसमें दुनियाभर के महासागर और सागर आते हैं, उसकी लालच भरी लूट है। अनुमान है कि विश्वभर में कुल पकड़ी जाने वाली मछलियों का लगभग 30 फीसदी अवैध शिकार से है और इसके बहुत नकारात्मक परिणाम हैं। वह समुदाय जिनके रिवायती मछली क्षेत्र में अवैध सेंध लगने से न केवल उनकी आजीविका प्रभावित होती है बल्कि गैरकानूनी और अनियंत्रित मत्स्य दोहन से उस देश के राजस्व की भी हानि होती है। इतना ही नहीं, हर मौसम में काम करने लायक और स्वचालित मछलीमार नौकाएं हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र के उन छोटे देशों के विशेष आर्थिक क्षेत्र में भी सेंधमारी करती रहती हैं, जिनके पास निगरानी करने अथवा संयुक्त राष्ट्र सागरीय कानून संधि के तहत प्राधिकृत अपनी जल सीमा में घुसपैठिए मछलीमारों से निपटने लायक साधन नहीं हैं। अनेकानेक अध्ययनों से सिद्ध होता है कि महासागरों की नाजुक भोजन-श्रृंखला को मछली पकड़ने में प्रयुक्त बहुत बड़े जाल के बेधड़क इस्तेमाल और महासागर की तली से अनियंत्रित खनन करने से गंभीर खतरा पैदा हो गया है जिससे समुद्री जीवन-चक्र में असंतुलन पैदा हो जाएगा, जिससे वैश्विक समुद्रीय भोजन श्रृंखला को अपूरणीय नुकसान होगा, परिणामवश समुद्र पर अनेकानेक रूप से आश्रित करोड़ों लोगों पर असर पड़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन की चेतावनी है 'अवैध मछली शिकार से सागरीय मत्स्य भंडार का संरक्षण और प्रबंधन करने में राष्ट्रों के और क्षेत्रीय प्रयासों को चोट पहुंचती है। यूके के संगठन एनवायरनमेंट जस्टिस फाउंडेशन का निष्कर्ष है कि चीन की लंबी दूरी की मछली पकड़ने वाली नौकाओं का बेड़ा अक्सर अवैध मछलीमार कृत्यों में लिप्त मिला है। 2015 से 2019 के बीच अवैध मछली दोहन करने में चीनी नौकाओं की शिनाख्त 300 मर्तबा एकदम पक्के तौर पर तो 240 बार संदिग्ध रही है। भारत ने नौसेना द्वारा संचालित एक अलग और प्रतिबद्ध क्षेत्रीय सूचना विलय केंद्र गुरुग्राम में स्थापित किया है और वर्ष 2021 में इस केंद्र ने हिंद महासागर के बृहद क्षेत्र में कुल मिलाकर 3,411 घटनाओं की निगरानी की, लेखा-जोखा रखा और विश्लेषण किया है। इन घटनाओं में पाइरेसी और सशस्त्र चोरियां, तस्करी, अवैध मत्स्य शिकार, अनियमित मानव अप्रवास और गैर-अधिकृत नौवहनीय घटनाएं शामिल हैं। इस अवधि में क्षेत्रीय सूचना विलय केंद्र ने 392 अवैध मछली मार कृत्यों की शिनाख्त की है।

## वजन और शुगर बढ़ने का खतरा




न्यूट्रिशनिस्ट के अनुसार जब आप दोपहर तक खुद को भूखा रखते हैं, तो आपका शरीर हाई कैलोरी वाले फूड्स लिए तरसता है। इस तरह आप अपनी भूख को कम करने के लिए मीठा और फैटी भोजन खा लेते हैं। इससे वजन बढ़ने लगता है। जब आप नाश्ता करने से चूक जाते हैं और लंबे अंतराल के बाद खाते हैं, तो आपके शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए आपका रक्त शर्करा का स्तर अचानक बढ़ जाता है। इस प्रक्रिया में लोगों को टाइप 2 मधुमेह होने का खतरा अधिक हो जाता है।



# ब्रेकफास्ट नहीं करने से हो सकते हैं हानिकारक प्रभाव

नाश्ता दिन का पहला भोजन होता है। दिन की शुरुआत करने के लिए हमारे शरीर को ऊर्जा की आवश्यकता होती है जो कि पौष्टिक स्वस्थ नाश्ते से ही आती है। हालांकि जीवन की भागदौड़ में, लोग अक्सर दिन के सबसे महत्वपूर्ण फूड नाश्ते को छोड़ देते हैं। 12 घंटे से अधिक के अंतराल के बाद पहला भोजन करना आपके स्वास्थ्य पर गलत असर डाल सकता है। न्यूट्रिशनिस्ट माधुरी शर्मा कहती हैं कि नाश्ता न करने के कई दुष्परिणाम हैं जिन के बारे में आपको जरूर जान लेना चाहिए।



## हो सकता है माइग्रेन

नाश्ता न करने से शुगर का लेवल कम हो सकता है जिसके परिणामस्वरूप रक्तचाप बढ़ जाता है। उच्च रक्तचाप के साथ, शुरू में मामूली सिरदर्द हो सकता है जो बाद में गंभीर माइग्रेन में बदल सकता है।

## मेटाबोलिज्म पर होता है गलत असर

हमारे शरीर को सुबह कार्य करने के लिए एनर्जी की आवश्यकता होती है। जब आप दिन का पहला भोजन यानी नाश्ता छोड़ते हैं, तो यह मेटाबोलिज्म एक्टिविटी में बाधा डालता है और प्रक्रिया को धीमा कर देता है।

## इम्यूनिटी ठीक रखने में मिलती है मदद

नाश्ते से बॉडी को जरूरी मिनरल्स मिलते हैं जो इम्यूनिटी को ठीक रखने और बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने के लिए आवश्यक होते हैं। नाश्ता न करने से आपका इम्यून सिस्टम ठीक से काम नहीं कर पाता है जिससे आप बीमारियों के शिकार हो जाते हैं।

## हो सकती है मानसिक बीमारी

जापानी जर्नल ऑफ ह्यूमन साइंसेज ऑफ हेल्थ-सोशल सर्विसेज में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग नाश्ता नहीं करते हैं, वे मानसिक बीमारियों से पीड़ित हो सकते हैं। मस्तिष्क कोशिकाएं कार्य को मैनेज करती हैं और नाश्ता न करने से इनकी एनर्जी कम हो जाती है जिससे डिमेंशिया जैसी गंभीर बीमारियां हो जाती हैं।



## हंसना मना है

एक शराबी आंखें दान करने गया! काउंटर क्लर्क ने पूछा कुछ कहना चाहते हो? शराबी - हां, जिसे भी लगाओ, उसे बता देना 2 घूंट लेने के बाद ही खुलती है।

---

बाबाजी ने दिया परम सत्य ज्ञान... जिंदगी की भागदौड़ में सेहत का भी ख्याल रखिए... ऐसा ना हो कि... आप पीछे रह जाएं... और पेट आगे निकल जाए...!!!

---

आज का ज्ञान, मर्द अगर औरत के लिए अपनी गर्दन भी कटवा ले तो वह यही कहेंगी, सही नहीं कटवाई, थोड़ी नीचे से कटवानी थी ना, अटल सत्य ??????????

---

पतिदेव - बाबाजी, सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मंत्र बताइए। . . . बाबाजी - बेटा जब तक मुंह बंद और पर्स खुला रहेगा, कृपा आती रहेगी...!!!

---

पप्पू एक मुजरेवाली के पास उसका डांस देखने गया!! मुजरेवाली - अभी हमने आपको डांस दिखाकर खुश किया, अब आप हमको खुश कर दो (पैसा देकर ) हुजूर?? पप्पू भावुक हो गया और बोला - अच्छा बहन, अब तू बैठ मैं नाचता हूं!!

---

भिखारी : बेटा कुछ दे दे संता : मुझे क्या मिलेगा भिखारी : बेटा तुझे स्वर्ग मिलेगा संता :मैं तुम्हें दिल्ली देता हूं भिखारी : बेहोश।

## कहानी | मां-पापा का कहना मानो

सर्दियों का मौसम था। नन्हे खरगोश के घर को चारों ओर घास-फूस लगाकर गर्म रखा जाता था। रात होने वाली थी। नन्हे खरगोश के मम्मी-पापा ने उससे कहा, आ जाओ नन्हे, सो जाओ। रात होने वाली है और बाहर ठंड भी बहुत है। लेकिन मुझे नींद नहीं आ रही। मुझे बाहर जाकर खेलना है। नन्हे ने कहा। बेटा, कल सुबह खेल लेना। रात में बाहर जाओगे तो बीमार हो जाओगे। मम्मी ने उसे समझाया। मम्मी की बात मानकर नन्हे आकर लेट गया। लेकिन उसे जरा भी नींद नहीं आ रही थी। वह थोड़ी देर लेटा। फिर मम्मी-पापा से छिपकर बाहर आ गया और जंगल में घूमने निकल पड़ा। वह चलता जा रहा था। इस तरह कभी भी वह जंगल की ओर नहीं आया था। लेकिन वह रास्ता ध्यान से देख रहा था। मिट्टी में उसके पांवों के छोटे-छोटे निशान बनते जा रहे थे। इनकी मदद से मैं घर वापस पहुंच जाऊंगा, उसने सोचा। वह काफी दूर आ गया था। तभी जोर से आंधी चलने लगा। वापस जाने का रास्ता उसके पांवों के वो निशान ही बता सकते थे। लेकिन तेज आधी ने इतनी धूल उड़ाई थी कि निशान मिट गए थे। वह घबराकर इधर-उधर भागने लगा। उसे समझ नहीं आ रहा थी कि क्या करे? नन्हे बहुत दर गया था। दौड़ते-दौड़ते उसने यह भी नहीं देखा कि आगे तालाब है। और फिर छपाक से तालाब में गिर गया। वह मदद के लिए चिल्लाने लगा। एक हिरण और उसका बच्चा वहां से जा रहे थे। उन्होंने नन्हे खरगोश को मुश्किल में देखा तो रुक गए। उन्होंने किसी तरह खरगोश को बाहर निकाला। वह ठंड से कांप रहा था। हिरन जल्दी से नन्हे को अपने घर ले गया। घर जाकर हिरण की मम्मी ने उसे अपनी गोद में लपेट लिया और दूध पीने को दिया। अब नन्हे को अच्छा लग रहा था लेकिन उसको अब घर की याद आने लगी थी। हिरन ने उससे घर के बारे में पूछा तो नन्हे ने बताया कि उसे ठीक से पता नहीं है। इधर नन्हे की मम्मी-पापा परेशान थे कि नन्हे कहां गया। वे उसे ढूंढने निकल पड़े। हिरन भी नन्हे को लेकर जंगल में निकला। रस्ते में ही नन्हे के मम्मी-पापा उसे दूर से आते हुए दिखाई दिए। वे दौड़कर नन्हे के पास आए और उसे गले से लगा लिया। कहाँ चले गए थे तुम? मम्मी रो रही थी। ऐसे बिना बताए थोड़े ही जाते हैं। पापा बोले। नन्हे ने उनसे माफी मांगी। नन्हे के मम्मी-पापा ने हिरण को धन्यवाद दिया और नन्हे को साथ घर की ओर चल दिए।

## 5 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपने अंदर एक नयी ऊर्जा को महसूस करेंगे जिससे उनमें एक नयी स्फूर्ति का संचार होगा। वे अपने जीवन में कुछ नया करने का भी विचार करेंगे।

**तुला**



परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपने लिए नए विकल्पों की खोज में रहेंगे। करियर बनाने का विचार करेंगे। नया करने की सोचे तो अपनों से बड़ों से विचार-विमर्श अवश्य कर ले।

**वृषभ**



शादीशुदा लोगों को अपने पार्टनर का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे मन आनंदित रहेगा। आपको अपने पार्टनर से कुछ उपहार भी मिल सकता हैं।

**वृश्चिक**



स्कूल में पढ़ रहे छात्रों को आज के दिन अपने दोस्तों की ओर से किसी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इन चुनौतियों से भागने की बजाये इनका डटकर सामना करे।

**मिथुन**



छात्रों का अपने क्षेत्र के प्रति झुकाव कम होगा व उनका ध्यान अपनी रुचि के साधनों में लगा रहेगा। अपने मनपसंद के कामों को करने में ज्यादा समय व्यतीत करेंगे।

**धनु**



सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मन थोड़ा अशांत रहने की संभावना हैं व उन्हें अपने भविष्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। ऑफिस में किसी के साथ अनबन हो सकती हैं।

**कर्क**



परिवार के सदस्यों को लेकर भावुक रह सकते हैं व घरवालों के प्रति भी आपके मन में श्रद्धा बढ़ेगी। ऐसे में अपने भाई-बहन का पूरा ध्यान रखें क्योंकि उनकी आपसे अधिक अपेक्षा रहेगी।

**मकर**




प्रेम जीवन में रह रहे लोगों का अपने साथी के प्रति विश्वास और मजबूत होगा तथा आप उनके लिए भावुक भी हो सकते हैं। यदि आपका किसी के प्रति आकर्षण है तो वह आज के दिन कम हो जायेगा।

**सिंह**




नौकरी कर रहे लोगों को अपने काम में कुछ अड़चन का अनुभव करना पड़ सकता है, जिस कारण उनका स्वभाव अपेक्षाकृत थोड़ा चिड़चिड़ा रह सकता हैं।

**कुम्भ**



आज के दिन आपका व आपके परिवार का मन आध्यात्मिकता में ज्यादा रहेगा व दूसरों की भलाई करने के प्रति आप सभी का झुकाव ज्यादा होगा। दोस्त की मदद करना अच्छा रहेगा।

**कन्या**



आज का दिन अहम हैं क्योंकि व्यापार के लिए कई नए समझौते आएंगे। अच्छे से विचार-विमर्श करके ही कोई निर्णय ले जिससे यह भविष्य के लिए लाभदायक सिद्ध हो।

**मीन**



शादीशुदा लोगों को अपने जीवनसाथी के साथ कही बाहर जाने का मन करेगा लेकिन किन्ही कारणों से ऐसा हो नही पायेगा। ऐसे में वे अपने आसपास कुछ रोमांटिक प्लान कर सकते हैं।

बॉलीवुड | मन की बात

# टीवी कलाकारों के साथ हमेशा से होता है भेदभाव : देवालीना



टीवी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी टीवी के बाद अब बड़े पर्दे पर अपनी एक्टिंग से लोगों का जीतने के लिए एकदम तैयार है। वह जल्द ही लक्ष्मी आर.अय्यर द्वारा निर्देशित फर्स्ट सेकेंड चांस नाम की एक शॉर्ट फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में देवोलीना के अलावा निखिल संघ, साहिल उप्पल, अनंत महादेवन और रेणुका शहाणे भी हैं। फिल्म में देवोलीना ने वैदेही की भूमिका निभाई है। फिल्म 5 जून को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म के रिलीज से पहले देवोलीना अपने एक बयान की वजह से खबरों आ गई हैं। एक इंटरव्यू के दौरान देवोलीना ने कहा कि टीवी कलाकारों के साथ हमेशा से भेदभाव किया गया है। कान फिल्म फेस्टिवल में हिना खान ने इस बात की गवाही दी। गौरतलब है कि 75वें कान फिल्म फेस्टिवल में हिना ने अपनी आने वाली फिल्म कंट्री ऑफ ब्लाइंड के पोस्टर लॉन्च किया इस दौरान अभिनेत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा था कि कैसे उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ा क्योंकि उन्होंने टीवी में बड़े पैमाने पर काम किया था न कि बॉलीवुड में। अब हिना के इस बयान के बाद आईएएनएस से बातचीत करते हुए देवोलीना ने रिएक्श दिया कहा दो चीजें हैं...। एक जो हम राजनीतिक रूप से सही रहने के लिए कहते हैं, और दूसरी जिसे हम वास्तव में अभ्यास करते हैं। इन दिनों हम लोगों को विभिन्न प्लेटफार्मों के बीच धुंधली रेखा के बारे में बात करते हुए सुनते हैं, चाहें वह टीवी हो, ओटीटी या बॉलीवुड, लेकिन भेदभाव अभी भी मौजूद है और हिना सिर्फ सच बता रही थीं। देवोलीना ने आगे कहा आज भी, जब हम किसी फिल्म के लिए ऑडिशन के लिए जाते हैं, तो ज्यादातर समय हम आप एक टीवी अभिनेता हैं टैग के साथ रिजेक्ट हो जाते हैं। हमारे पास हमारे स्थिर प्रशंसक हैं।

# राकेश बापट से ब्रेकअप की खबरों पर शमिता ने तोड़ी चुप्पी

मनोरंजन जगत के सितारों पर प्यार का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है। बीते कुछ समय में तमाम स्टार्स अपने लव्ड वन्स के साथ शादी के बंधन में बंध चुके हैं, तो वहीं कुछ को अपने प्यार का इजहार करते देखा जा रहा है। वहीं, बीते दिन एक लविंग कपल को लेकर चौंकाने वाली खबर सामने आई थी, जिसे जान फैंस का दिल टूट गया था। बीते दिनों ये खबर सामने आई कि शमिता शेट्टीऔर राकेश बापट का ब्रेकअप हो गया है। हालांकि इस जोड़ी ने इन खबरों पर कुछ भी नहीं कहा था लेकिन अब खुद शमिता चुप्पी तोड़ते हुए बड़ा बयान देती देखी गई हैं। बिग बॉस ओटीटी से मशहूर हुए कपल राकेश बापट और शमिता शेट्टी अपने रिलेशनशिप को लेकर हमेशा ही सुर्खियों में छाए रहते हैं। हालांकि बीच-बीच में ब्रेकअप की खबरें भी आती रहती हैं, राकेश और शमिता जिसे अफवाह का नाम दे चुके हैं। शमिता शेट्टी ने अब इस मामले में चुप्पी तोड़ते हुए ये भी बताया है कि उनके रिश्ते पर इन सब अफवाहों की वजह से क्या असर पड़ता है। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों ही लाइफ में बेहद खुश हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में बात करते हुए शमिता ने कहा कि उसपर ब्रेकअप की अफवाहों से कोई भी असर नहीं पड़ता है, क्योंकि बहुत ही सुरक्षित लोग हैं दोनों। शमिता ने आगे कहा कि वो और राकेश हमेशा यही कोशिश करते हैं कि उन पर इन चीजों का ज्यादा असर ना पड़े। एक्ट्रेस ने आगे बात करते हुए कहा कि दो लोगों के बारे में होता है एक रिश्ता। बाकी दुनिया से इसका कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए कि वो आपके बारे में क्या सोचता है। आपको बता दें कि शमिता और राकेश की पहली मुलाकात बिग बॉस ओटीटी में हुई थी। बेशक इनके रिश्ते को ज्यादा समय नहीं हुआ लेकिन ये अक्सर एक दूसरे के ऊपर प्यार लुटाते नजर आते हैं। साथ ही दोनों के जल्द शादी के बंधन में बंधने की अफवाहें भी समय-समय पर सामने आती रहती हैं। शमिता शेट्टी के बारे में कहा जा रहा है कि वो ओटीटी पर काम कर रही है। इसके लिए वो जल्द शूटिंग पूरी कर लेगी। शमिता की बहन ने यह जानकारी दी है।



बॉलीवुड | मसाला

# पूनम पांडे को फोटोशूट कराना महंगा पड़ा

लॉकअप के बाद एक बार फिर पूनम पांडे सुर्खियों में आ गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पोर्न इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री पूनम पांडे और उनके एक्स हस्बैंक सैम बॉम्बे के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। गोवा के काणकोण पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई चार्जशीट में कहा गया है कि अभिनेत्री ने दो साल पहले यानी 2020 में गोवा के चपोली डैम के पास न्यूड फोटोशूट कराया था। दरसअल, दो साल जब पूनम पांडे अपने एक्स हस्बैंड सैम बॉम्बे के साथ गोवा वेकेशन के लिए गई थीं, तब उनके फोटोशूट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस वीडियो को देखने के बाद लोग भड़क गए और उन्होंने पुलिस स्टेशन जाकर पूनम पांडे और उनके एक्स हस्बैंड के खिलाफ कंप्लेंट दर्ज कराई थी। शिकायत में अभिनेत्री पब्लिक प्लेस पर गलत तरीके से घूमने, वल्गर वीडियोग्राफी बनाने, डांस और गाना गाने का आरोप लगाया गया था। पूनम पाण्डे अक्सर अपने विवादों के लिए भी जानी जाती है।



अजब-गजब | इस घर में रात गुजारना है बैन!

# 12 करोड़ में बिका भूतिया घर, यहां आती-जाती रहती हैं आत्माएं


आज भी साल 2013 में आई हॉलीवुड हॉरर फिल्म The Conjuring अगर देख ली जाए, तो अगली कई रातें खौफ में गुजरती हैं। इस फिल्म में दिखाया घर कोई सेट नहीं था, बल्कि ये असल में मौजूद है और अमेरिका में भुतहे घर के तौर पर लोग इसे जानते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस भूतिया घर का सौदा 12 करोड़ रुपये में तय हो गया है। घर अमेरिका के रोड आइलैंड में सिटी ऑफ प्रोविडेंस से 40 मिनट की दूरी पर है। 8.5 एकड़ में फैला हुआ ये घर इससे पहले जेन और कोरी हेनजेन के नाम पर था। उन्होंने साल 2019 में इसे 3.4 करोड़ रुपये में खरीदा था और अब वे इसे 12 करोड़ रुपये में फाइनल कर चुके हैं। घर के नए मालिक जैकलीन नुनेज हैं

**किसने खरीदा भूतिया घर ?**

जैकलीन नुनजे बोस्टन के रहने वाले हैं और वे रियल एस्टेट डेवलपर के तौर पर कार करते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक वे इस प्रॉपर्टी को एक लर्निंग सेंटर की तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं। इसे यूं भी कहा जा सकता है कि वे इसके भूतिया इतिहास को कैश करने के लिए इसके पुराने ओनर पेरोन के साथ हाथ मिला रहे हैं। वे पैरानॉर्मल एक्टिविटी में दिलचस्पी रखने वालों को यहां बुलाकर आत्माओं के साथ लोगों को कनेक्ट कराने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। घर अमेरिका के रोड आइलैंड में सिटी ऑफ प्रोविडेंस से 40 मिनट की दूरी पर है। इससे पहले भी घर के मालिक जेन और कोरी हेनजेन इस प्रॉपर्टी को पैरानॉर्मल इंवेस्टिगेटर्स को रेंट पर देते रहे हैं। उनकी बेटी इस जगह से जुड़े टिकटॉक वीडियो भी पोस्ट करती रहती थी। इस घर को साल 1763 में बनाया गया था और इसे साल 1971 में पेरोन फैमिली ने रहने के लिए खरीदा था। यहां आने के बाद से ही उन्हें सुपरनेचुरल एक्टिविटीज़ महसूस होने लगीं। जब ये अनुभव ज्यादा बढ़ने लगा तो उन्होंने पैरानॉर्मल इंवेस्टिगेटर्स एड और लॉरेन की मदद ली। उन्होंने घर के बारे में भूतिया इतिहास बताया। इसी कहानी को लेकर कंजूरिंग फिल्म बनाई गई थी, जो काफी कामयाब रही थी।



# 84 साल की उम्र में दादी को मिली डिग्री बीच में ही छोड़ दिया था ग्रैजुएशन



कहते हैं पढ़ाई लिखाई की कोई उम्र नहीं होती और इंसान किसी भी उम्र सीखना शुरू कर सकता है। इसी कहावत को साकार करके दिखाया है एक 84 साल की दादी ने। उन्होंने इस उम्र में अपनी ग्रैजुएशन की डिग्री पूरी की है, जो करीब 60-65 साल से पेंडिंग थ। वैसे सपनों को पूरा करने की कोई उम्र होती नहीं है। ऐसे में दादी ने भी जब जिंदगी में फुर्सत मिली तो दशकों से छूटा हुआ अपना काम पूरा कर लिया। जिस उम्र में याददाश्त फीकी पड़ने लगती है, उस उम्र में उन्होंने कॉलेज से ग्रैजुएशन पूरा किया और दुनिया भर में लोगों के लिए मिसाल बन गईं।

## 1955 में छोड़ा था कॉलेज

Minnesota की रहने वाली अमेरिकन महिला बेटी ने अब करीब 65-70 साल पहले यूनिवर्सिटी से अपनी पढ़ाई शुरू की थी। 1955 में वे अपने छोटे से कस्बे की अकेली लड़की थीं, जो यूनिवर्सिटी में सालभर का एक कोर्स करने के लिए आई। हालात कुछ ऐसे हुए कि उन्होंने अपनी बैचलर्स की डिग्री आधी ही छोड़ दी। इसी वक्त वो अपने पति से मिलीं और उनकी दो बेटियों को जन्म दिया। 1979 में पति से अलग होने के बाद अपनी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी बेटी ने उठाई और नर्सिंग के क्षेत्र में प्रवेश लिया। उन्होंने 30 साल तक बतौर नर्स अपना करियर चलाया और अधूरी डिग्री के बारे में भूल गईं।

# झांसी: साड़ी के शोरूम में भीषण आग, दो जिंदा जले

### » शॉर्ट सर्किट से लगी आग एक करोड़ के नुकसान का अनुमान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

झांसी। थाना कोतवाली के नरिया बाजार में साड़ी के शोरूम पूनम वस्त्रालय में आज तड़के लगी भीषण आग की चपेट में आकर शोरूम मालिक और उसकी पत्नी की मौत हो गई जबकि अन्य सात लोगों को सकुशल बचा लिया गया है। आग इतनी भयानक थी कि दूसरी मंजिल और तीसरी मंजिल पर बने शोरूम और घर को भी चपेट में ले लिया। घर में रखे सिलेंडर एक के बाद एक फटने से इलाके में दहशत फैल गई। फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है।



कोतवाली क्षेत्र के नरिया बाजार में श्रीराम अग्रवाल का पूनम वस्त्र भंडार के नाम से साड़ी का शोरूम है। यह शोरूम उनके दो पुत्र अजय अग्रवाल और संजय अग्रवाल चलाते हैं। सभी लोग शोरूम के ऊपर तीसरी मंजिल में बने मकान में रहते हैं। आज तड़के जब सभी लोग सो रहे थे तभी अज्ञात कारणों से तीसरी मंजिल पर बने कमरे से धुआं निकलने लगा और धीरे-धीरे धुआं आग की लपटों में तब्दील हो गया। धुएं और गर्मी से जागे घरवाले घबरा गए और खुद को बचाने के लिए चीख-पुकार करने लगे। आग से घर में रखे चार गैस सिलेंडर एक के बाद एक तेज धमाके के साथ फट गए। धमाकों की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर एसएसपी शिवहरी मीना समेत पुलिस और फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। एसएसपी शिवहरी मीना ने बताया कि रेस्क्यू अभियान में परिवार के सात लोगों को सकुशल बचा लिया गया, लेकिन शोरूम के मालिक श्रीराम अग्रवाल और उनकी पत्नी की आग में जलकर मौत हो गई। फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां चार घंटे बाद आग पर काबू पा सकीं। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से लगभग 1 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान है। वहीं जान की परवाह किए बिना आग को काबू करने में जुटे कोतवाली थाना प्रभारी तुलसीराम पांडे की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है।

**एक के बाद एक चार गैस सिलेंडर फटने से इलाके में दहशत**

**सात को बचाया गया, दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू**

## फास्ट फूड रेस्टोरेंट में आग, कई झुलसे

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला मैदान के पास देर रात फास्ट फूड की दुकान में आग लग गई। दुकान में रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। आग की चपेट में आने से पास ही बिजली के तार ठीक कर रहे तीन कर्मचारियों समेत कई लोग झुलस गए। आग पर काबू पा लिया गया है। छह घायलों को मेडिकल कॉलेज व अन्य जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों के नाम एहसान अली, आयुष, अखिलेश, सिद्दीक, लाडले, दीपक, मोहम्मद शाकिर और मोहसीन हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

### » दहेज हत्या का आरोप, पति सहित पांच पर मुकदमा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

एटा। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव परौली में शादी के 19 दिन बाद ससुराल में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायका पक्ष ने दहेज के लिए जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मृतका के चाचा सुभाष पांडेय ने बताया कि उन्होंने अपनी 21 वर्षीय भतीजी समीक्षा की शादी गांव परौली निवासी किरन प्रकाश के साथ की थी। 11 मई को बरात आई थी और 12 मई को भतीजी विदा होकर अपनी ससुराल गई थी। दो दिन बाद रस्म के तौर पर भतीजी को मायके बुलाकर लाए थे। उसी दिन बेटी के ससुरालीजन पहुंचे और भतीजी को विदा कराकर ले आए। सोमवार को ससुरालीजन ने सूचना दी कि समीक्षा की तबियत ठीक नहीं है। उसे एटा लेकर आ रहे हैं। चिकित्सक ने कहा कि जहर खाने का मामला लग रहा है। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी।

## कोल्ड ड्रिंक का पैसा मांगने पर दुकानदार को पीटा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

गोरखपुर। जिले के खोराबार इलाके के कुसमी जंगल में स्थित वन पार्क कैंटीन में कोल्ड ड्रिंक का पैसा मांगने पर दुकानदार की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि दारोगा और चार सिपाहियों ने रुपया मांगने पर बेरहमी से पिटाई कर दी थी। एसएसपी ने दारोगा और चार सिपाहियों को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दे दिया है।

**» दारोगा और चार सिपाही निलंबित**

**» एसएसपी ने की कार्रवाई, विभागीय जांच के आदेश**

खोराबार इलाके के मथुरवा गांव निवासी धीरज यादव कुसम्ही जंगल के विनोद वन पार्क में कैंटीन चलाते हैं। सोमवार को थाने के दारोगा राधेश्याम सेहरा कैंटीन पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कोल्ड ड्रिंक पिया। दुकानदार ने रुपया मांगा तो धमकी देते हुए चले गए थे। आरोप है कि उसी दिन शाम पांच बजे खोराबार थाने में तैनात सिपाही धीरज, अजय, गुलशन और नादिर अली कैंटीन पर पहुंचे और धांधली करने का आरोप लगाते हुए रुपये मांगने लगे। विरोध पर दुकानदार की पिटाई कर दी, जिससे उसका सिर फट गया। धीरज नेआला अफसरों को सूचना देने के साथ ही खोराबार थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामला संज्ञान में आते ही एसएसपी ने सीओ कैंट को जांच सौंप दी। मंगलवार की देर शाम जांच रिपोर्ट आते ही एसएसपी ने सभी आरोपी पुलिसवालों को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दे दिया। एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर एक दारोगा और चार सिपाही को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया गया है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में धांधली, सीएम से शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

### » बाराबंकी के तहसील हैदरगढ़ में किसानों की जमीन की खरीद-फरोख्त व सरकारी धन के दुरुप्रयोग का है मामला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। पूर्वांचल एक्सप्रेस पर बीते कुछ महीनों से सरपट वाहन दौड़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर एक्सप्रेस-वे में अधिग्रहित जमीन मामले में धांधली करीब चार साल बाद उजागर हुई है। भूमि अधिग्रहण की जमीन में खरीद-फरोख्त के नाम पर सरकारी अफसरों ने धन का दुरुप्रयोग किया है। लखनऊ के आलमबाग निवासी अंजनी कुमार तिवारी ने इसकी शिकायत सीएम योगी से जनसुनवाई पोर्टल के जरिए की मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।**



समाजसेवी आलमबाग निवासी अंजनी कुमार तिवारी ने बताया कि हैदरगढ़ के किसानों की जमीन भी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में गई है और मुआवजा भी मिल गया है। मगर इसमें तहसील स्तर पर धांधली की गई है। मामला चार साल पुराना है। दरअसल, तहसील में 2017 में कार्यरत लेखपाल इंद्रमणि त्रिपाठी व तहसीलदार सुरेश राय ने मिलकर एक्सप्रेस वे में गई जमीन में सरकारी धन का दुरुप्रयोग किया। जब इसकी शिकायत की गई तो लेखपाल का पहले तबादला किया गया, उसके बाद सस्पेंड कर दिया गया। वहीं तहसीलदार सुरेश राय को प्रमोशन मिल चुका है। ग्राम जरौली परगना तहसील हैदरगढ़ की गाटा संख्या 48/गाटा संख्या 26 की जमीन में इन दोनों ने घोटाला किया। भूमि अधिग्रहण के नाम पर रजिस्ट्री ज्यादा की करायी। ढाई बीघे को साढ़े तीन बीघे बनाकर रजिस्ट्री कराई जबकि राजस्व अभिलेखों में जमीन ढाई बीघा है। वहीं एक अन्य मामले में कम भूमि की रजिस्ट्री ज्यादा जमीन दिखाकर कराई गयी। समाजसेवी अंजनी ने इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कांग्रेस कार्यशाला में मारपीट का मामला

## महानगर उपाध्यक्ष समेत तीन पदाधिकारियों की प्राथमिक सदस्यता निलंबित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बरेली। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बीते दिनों बीसलपुर चौराहा स्थित एपी लान में आयोजित कार्यशाला के दौरान हुई मारपीट के मामले में अनुशासन समिति ने जांच कर तीन पदाधिकारियों को दोषी करार दिया जिसके आधार पर तीनों पदाधिकारियों की अग्रिम आदेश तक प्राथमिक सदस्यता निलंबित की गई है।

**» अनुशासन समिति की रिपोर्ट के बाद की गयी कार्रवाई**

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व जिला अनुशासन समिति के सदस्य राज शर्मा ने बताया कि 24 मई को हुई कार्यशाला में प्रदेश के सह प्रभारी तौकीर आलम, व संगठन सचिव अनिल यादव उपस्थित थे। उन्हीं के सामने कुछ पार्टी के पदाधिकारियों ने अभद्रता की। प्रकरण के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने एक अनुशासन समिति गठित की थी। जिसने मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रदेश अनुशासन समिति को भेजी थी। जिसके बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के सदस्य पूर्व विधायक अजय राय ने इन लोगों पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई करते हुए विजय मौर्य महानगर उपाध्यक्ष, ताराचंद चौधरी पूर्व जिला उपाध्यक्ष, संदीप चौधरी जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस को तत्काल प्रभाव से प्राथमिक सदस्यता से आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया है।

# कश्मीर फाइल्स फिल्म के बाद बढ़ा तनाव!

### » 4पीएम की परिचर्चा में प्रबुद्धजनों ने किया मंथन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की हत्या का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है। कुलगाम में आतंकियों ने एक प्रवासी कश्मीरी पंडित शिक्षिका की गोली मारकर हत्या कर दी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या घाटी में कश्मीरी पंडित सुरक्षित नहीं? क्या घाटी में तनाव फिल्म द कश्मीर फाइल्स के बाद बढ़ा? इस मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार अजय शुक्ला, डॉ. राकेश पाठक, डॉ. उत्कर्ष सिन्हा, अभिषेक कुमार, आप नेता प्रियंका कक्कड़, डॉ. सुधांशु कुमार, लेखक अशोक कुमार पांडेय और 4पीएम के संपादक संजय शर्मा ने एक लंबी परिचर्चा की।




अशोक कुमार पांडेय ने कहा शिक्षिका की मृत्यु के बाद उसके समर्थन में कश्मीरी लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। रही बात फिल्म द कश्मीर फाइल्स की तो फिल्म जिस उद्देश्य से बनाई गई, वह सफल हो गया। कश्मीर में शांति स्थापित न हो और इसका फायदा वोटों के ध्रुवीकरण कर लिया जाए। डॉ. राकेश पाठक ने कहा, कश्मीर में हालात कुछ बदले नहीं है। हालांकि फिल्में जख्मों के कुरेदने का काम नहीं करती मगर कश्मीर फाइल्स को देखने के बाद कुछ लोग प्रोपेगंडा चलाने लगे हैं। प्रियंका कक्कड़ ने कहा, फिल्म आने के बाद वहां घटनाएं बढ़ी हैं। केंद्र ने आखिर कौन सी स्कीम लॉन्च की। कितने कश्मीरी पंडित छोड़कर गए। कितनों को निकाला गया, डाटा ही नहीं इनके पास। डॉ. उत्कर्ष सिन्हा ने कहा, कश्मीर फाइल्स फिल्म एक प्रोपेगंडा के तहत लाई गई। इस फिल्म को भाजपा ने प्रमोट किया। लोगों को फिल्म भी दिखाया खुद टिकट देकर। कश्मीर ही एक दुखती रंग है, वहां की कोई खबर आती है तो सभी को दुख होता है। अजय शुक्ला ने कहा, मौजूदा सरकार में कश्मीरियों को कुछ नहीं दिया गया, दिया है तो नफरत। इसी नफरत ने वहां समस्या पैदा कर दी है।

प्रो. सुधांशु कुमार ने कहा हिंदू खतरे में आपके समय में हो गया तो आप गलत हो न। इस देश में झूठ की खेती अच्छी तरह से की जा सकती है भाजपा इस बात से वाकिफ है। ये अपनी कमियों को ढंककर उन्माद की फसल बो रहे हैं। अभिषेक कुमार भी परिचर्चा में शामिल हुए

**परिचर्चा**
रोज शाम को छह बजे देखिए 4PM News Network पर एक ज्वलंत विषय पर चर्चा



# सत्येंद्र जैन को लेकर भाजपा-आम आदमी पार्टी में घमासान

## जैन ने चार फर्जी कंपनियां बनाईं क्यों दी क्लीन चिट : स्मृति ईरानी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पर सियासी जंग बढ़ती ही जा रही है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज पीसी कर दिल्ली के मुख्यमंत्री से कई सवाल पूछे। उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल ने कल एक भ्रष्ट व्यक्ति को क्लीन चिट दी। स्मृति ने कहा सत्येंद्र जैन के खिलाफ जो आरोप हैं, वो सभी तथ्यों से बहुत दूर हैं। अरविंद ने जैन को जनता की अदालत में बरी कर दिया। स्मृति ईरानी ने कहा मेरा पहला सवाल केजरीवाल जी से ये है कि क्या वो इस बात को स्पष्ट कर सकते हैं कि सत्येंद्र जैन ने 4 शैल कंपनियों को अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से 16.39 करोड़ रुपये की, 56 शैल कंपनियों के माध्यम से, हवाला ऑपरेटर्स के सहयोग से, 2010-16 तक मनी लॉन्ड्रिंग की या नहीं। कालेधन के माध्यम से सत्येंद्र जैन ने दिल्ली के कई इलाकों में 200 बीघा जमीन का मालिकाना हक अपने लाभ में लिया? सतेंद्र जैन आज प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत चार्जशीट में मुख्य आरोपी हैं? केंद्रीय मंत्री ने कहा क्या ये सत्य है कि 16.39 करोड़ रुपये मनी लॉन्ड्रिंग की जो आय है, उस पर टैक्स लगाया जाए, ये प्रस्ताव स्वयं सत्येंद्र जैन की कंपनियों का था? सत्येंद्र जैन ने स्वयं स्वीकार किया कि 16.39 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला कारोबार के माध्यम से की गई। तो ऐसे में अरविंद केजरीवाल जी क्या ऐसा व्यक्ति आज भी आपकी सरकार का मंत्री बना रहना चाहिए?

## सत्येंद्र जैन को फर्जी मामले में फंसाया गया : संजय सिंह

### » भाजपा हिमाचल चुनाव हार रही है इसलिए फंसाया गया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किए जाने के मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर जैन के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्येंद्र जैन के हिमाचल के प्रभारी बनने से नाखुश थी और सीबीआई द्वारा जैन को क्लीन चिट देने के बावजूद उनके खिलाफ साजिश रची।

सांसद संजय सिंह ने दावा किया सत्येंद्र जैन को एक फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया है, एक 8 साल पुराना मामला जिसके संबंध में वह ईडी के सामने सात बार पेश हुए। सीबीआई ने उन्हें क्लीन चिट दे दी थी। जैन को हिमाचल प्रदेश का प्रभारी बनाया गया था, इसलिए फर्जी गिरफ्तारी को अंजाम दिया गया है। उन्होंने आगे कहा यह मामला जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को उजागर करता है, जल्द ही वह (सत्येंद्र जैन) बाहर हो जाएंगे क्योंकि यह एक निराधार मामला है, भाजपा हिमाचल प्रदेश चुनाव हार रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा।

## लखनऊ पहुंची प्रियंका, करेंगी मंथन



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी आज दो दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंच चुकी हैं। इस समय वह प्रदेश मुख्यालय में प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रही है। इस साल के विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार के बाद यह प्रियंका का पहला लखनऊ दौरा है।

बता दें कि कांग्रेस बिना प्रदेश अध्यक्ष के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रही है। इस दौरान नगर निकाय चुनाव और 2024 को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही विधानसभा चुनाव 2022 में मिली हार पर मंथन भी होगा। कांग्रेस उत्तर

### » यूपी चुनाव में मिली हार की भी होगी चर्चा

प्रदेश में पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए राज्य मुख्यालय पर आज व कल मंथन करेगी। राज्यस्तरीय इस शिविर में पार्टी की यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ प्रदेश पदाधिकारी, जिला व शहर अध्यक्ष, पूर्व सांसद व विधायक, विधानसभा चुनाव-2022 व लोकसभा चुनाव-2019 के प्रत्याशी, फ्रंटल संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष, विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश चेयरमैन व प्रवक्ता भाग ले रहे हैं। गौरतलब है कि यूपी में कांग्रेस शून्य की ओर बढ़ रही है। विधान परिषद में बचे एकमात्र सदस्य दीपक सिंह का कार्यकाल जुलाई में खत्म हो जाएगा। इसके बाद निकट भविष्य में पार्टी के किसी प्रतिनिधि का परिषद में पहुंचना मुमकिन नहीं है। विधानसभा में भी उसके केवल दो सदस्य हैं। प्रदेश की राजनीति में उसका वोट शेयर भी 2.5 फीसदी से नीचे आ गया है। यह अब तक के संसदीय इतिहास में सबसे कम है। पार्टी के शुभचिंतकों का कहना है कि इस स्थिति के कारणों का पता लगाने के लिए दिल्ली में प्रियंका गांधी समीक्षा कर चुकी हैं।

## अयोध्या में मंदिर क्षेत्र के आसपास नहीं बिकेगी शराब

### » सरकार ने निरस्त किए दुकानों के लाइसेंस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी के सदस्य भीमराव अंबेडकर ने आबकारी दुकान नियम, 1968 में किए गए संशोधनों की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी थी। जवाब में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि अनसूचित जाति बहुल इलाकों में मदिरा की दुकानों को लाइसेंस दिए जाने या संचालन किए जाने पर कोई पाबंदी नहीं है। अगर मानकों के उल्लंघन की आपत्ति आएगी तो जांच कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में मंदिर परिसर के आसपास की शराब की दुकानों को सरकार ने हटवा दिया है। वहीं सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कौशल विकास प्रशिक्षण की जानकारी मांगी। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री ने विस्तार से ब्यौरा रखा। भीमराव अंबेडकर ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि कानपुर में रिक्त पदों का मामला प्रमुखता से रखा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 10 जून तक रिक्त पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। दीपक सिंह ने कानपुर में बंद उद्योगों के बारे में आंकड़े मांगे।

## आजमगढ़ में दलित महिला को पीट-पीटकर मार डाला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले में बिलरियागंज थाना क्षेत्र में स्थित छीही गांव में भूमि विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक दलित महिला को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा दिया गया।

वहीं इस संघर्ष में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। सूचना के बाद भारी संख्या में पुलिस फोर्स गांव पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। वहीं पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक लरियागंज थाना क्षेत्र के छीही गांव निवासी रविंद्र प्रसाद का गांव के ही केदार नाम के शख्स से भूमि विवाद चल रहा था। रविंद्र प्रसाद ने अपने खेत में नया मकान बनाने के लिए पिलर खड़ा कर दिया था। इस बीच झगड़ा होने लगा। झगड़ के दौरान बीच-बचाव के लिए घर की महिलाए भी पहुंच गई। झगड़े के दौरान एक महिला की मृत्यु हो गई।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समेत पांच हजार लोगों पर केस दर्ज

### » चेन्नई में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर किया था प्रदर्शन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। चेन्नई में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई, पूर्व राष्ट्रीय सचिव एच.राजा और पांच हजार से अधिक लोगों के खिलाफ तमिलनाडु पुलिस ने मामला दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक मंगलवार को बिना अनुमति पेट्रोल और डीजल की कीमतों को कम करने की मांग को लेकर चेन्नई में प्रदर्शन करने और राज्य सचिवालय की ओर मार्च करने के लिए यह मामला दर्ज किया गया है।

अन्नामलाई ने राज्य सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर कर कम नहीं करने की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि डीएमके ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि वे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमश: 5 रुपये और 4 रुपये की कमी करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं किया। अन्नामलाई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बार ईंधन की कीमतों में कमी की है। हम राज्य सरकार से मांग करते हैं कि वह अपने वादों को पूरा करे। गौरतलब है कि केंद्र द्वारा पिछले महीने पेट्रोल डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी किए जाने के बाद से भाजपा विपक्ष शासित राज्यों से महंगाई के बीच लोगों को राहत देने के लिए ईंधन पर कर कम करने की मांग कर रही है।



### राज्य सरकार ने नहीं पूरा किया अपना वादा

अन्नामलाई ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने घोषणा पत्र में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को कम करने का वादा किया है। केंद्र पहले ही ईंधन की कीमतों में कमी कर चुका है और अब राज्य सरकार को अपना वादा पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा डीएमके ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि वे पेट्रोल और डीजल की कीमत में क्रमशः 5 रुपये और 4 रुपये की कमी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने दो बार ईंधन की कीमतों में कमी की है। हम राज्य सरकार से अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने की मांग करते हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।